हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025

04 कुंती ने भगवान कृष्ण से दुख और संकटों का ...



07 सुठालिया सिंचाई परियोजना विस्थापितों ...





**खबर संक्षेप**

## आशीष गुप्ता को किया अग्रश्री सम्मान से सम्मानित



**सीहोर।** राजधानी भोपाल की सामाजिक क्षेत्र में सक्रीय एवं मातृशक्ति के प्रतिनिधत्वि की अग्रणी संस्था संस्कार सुधा फाउण्डेशन एवं मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा के बेनरतले आयोजित सतरंगी सावन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाओं ने अपनी कला की छाप बिखेरी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा समाजसेवियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें नगर के युवा समाजसेवी एवं हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता की समाज के प्रति सेवा व समर्पण की भावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अग्रश्री सम्मान से राज्यसभा सांसद रघुनन्दन शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द गोयल, संस्कार सुधा फाउण्डेशन के अध्यक्ष रशमी अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल ने पुष्पमाला एवं अग्रवस्त्र पहनाकर व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया। श्री गुप्ता को अग्रश्री सम्मान से सम्मानित करने पर इश्ट मित्रों ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

## कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं।

# कांवड़ यात्राः रॉबिन्सन-66 हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर होगी पुष्पवर्षा, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिस जवान

### 5 अगस्त को अल्हदाखेड़ी हेलीपेड पर लैंड करेगा हेलिकॉप्टर, 6 को भरेगा उड़ान

**सीहोर।** सावन मास में आगामी 6 अगस्त को कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में सीवन नदी तट से कुबेरेश्वर धाम तक निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा का नजारा भव्य और आकर्षक होने वाला है। कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों पर 'रॉबिन्सन-66' हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने अनुमति दे दी है, जिसकी जानकारी लोक निर्माण विभाग ने कलेक्टर को पत्र लिखकर दी है।

जानकारी के अनुसार एरो स्काई एविएशन द्वारा संचालित 'रॉबिन्सन-66' हेलिकॉप्टर 5 अगस्त को अल्हादाखेड़ी के हेलीपैड पर उतरेगा। इसके बाद 6 अगस्त को सुबह 7 बजे से



दोपहर 1 बजे के बीच यह हेलिकॉप्टर कावड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश करेगा। आकाश से होने वाली फूलों



की बारिश से कांवड़ यात्रा का नजारा और भी आकर्षक और भव्य हो जाएगा।

### सुरक्षा मानकों का होगा पालन

पीडब्ल्यूडी विभाग ने कलेक्टर को सूचित किया है कि हेलिकॉप्टर को उतारने और उड़ाने के लिए सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा। इसके लिए अल्हादाखेड़ी में बने पक्के और डामरीकृत हेलीपैड का उपयोग किया जाएगा। इस हेलीपैड का अक्षांश और देशांतर सुनिश्चित किया गया है। विभाग द्वारा बताया गया है कि हेलिकॉप्टर की अनुमति के लिए आवेदक द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर दिया गया है।

### श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

बता दें साल 2022 से पं. प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष आयोजन का चौथा वर्ष है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं से 6 अगस्त को कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया था, लेकिन देखने में आ रहा है कि सावन मास के पहले ही दिन से सीहोर में धर्ममय माहौल है। प्रतिदिन हजारों की तादाद में श्रद्धालु सीहोर पहुंच रहे हैं और सीवन नदी से जल लेकर पैदल चलकर कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी 6 अगस्त को कांवड़ यात्रा में भारी तादाद मं श्रद्धालु शामिल होंगे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही विधायकों की रिकॉर्डिंग से भाजपा की छवि हो रही धूमिल

# विस चुनाव के दो साल पूरे नहीं हुए और कांग्रेस के तीखे हमलों से घिरे आष्टा-इछावर विधायक


सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों विधानसभा सीटों के विधायकों पर कांग्रेस लगातार निशाना साध रही है। संगठन के निर्देशों का पालन नहीं करते हुए आमजनों से भाजपा विधायक अमर्यादित भाषा का उपयोग कर सरकार की किरकिरी करा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश सहित जिले में विधानसभा चुनाव को महज 611 दिन ही हुए हैं, यानि अभी दो साल भी पूरे नहीं हो सके तो इधर इतने कम दिनों में ही जिले की राजनीति गर्मा गई है। विभिन्न राजनीतिक मुद्दों को लेकर जिले की दो विधानसभा सीटों के विधायकों पर कांग्रेस लगातार हमलावर है। सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस नेता लगातार टॉरगेट कर रहे हैं, जबकि जिले की दो विधानसभा सीटों के विधायकों को कांग्रेस के जुबानी हमलों से फिलहाल राहत है।

मालूम हो कि साल 2023 के अंत में प्रदेश सहित जिले की चारों विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए थे। इस चुनाव में जिले की चारों ही सीटों पर बीजेपी ने विजयी हासिल की थी। इनमें जिले की इछावर सीट से करण सिंह वर्मा, बुदनी से शिवराज सिंह चौहान, सीहोर से सुदेश राय और आष्टा से गोपाल सिंह इंजीनियर विधायक चुने गए। विधानसभा चुनाव को अभी 611 दिन हुए हैं। हालांकि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के बुदनी सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद यहां नवंबर महीने में उपचुनाव हुए और पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव ने यहां से जीत हासिल की। उपचुनाव को अभी 254 दिन हुए हैं।

### इछावरः महिलाओं ने रोक लिया था काफिला



इछावर में विधायक और प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा बीते कुछ दिनों से विपक्षी हमलों के केंद्र में हैं। हाल ही में जब उनके काफिले को क्षेत्र की महिलाओं ने सडक की मांग को लेकर रोका, तो पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने सोशल मीडिया पर उन पर कटाक्ष किया। इसके अलावा, दो दिन पहले ही सीएम के कार्यक्रम से संबंधित जानकारी को लेकर भी पूर्व विधायक श्री पटेल ने मंत्री वर्मा पर निशाना साधा। इधर इछावर से ही दूसरे कांग्रेसी नेता ब्रजेश पटेल भी सत्ताधारी दल पर लगातार निशाना साध रहे हैं।

### आष्टाः इंजीनियर के लिए सोशल मीडिया बनी आफत



इधर जिले के आष्टा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक भी विगत एक सप्ताह से सोशल मीडिया पर वॉयरल होने वाले ऑडियो से खासे चर्चाओं में हैं। दरअसल, सप्ताह भर में उनकी कथित बातचीत के दो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। वॉयरल ऑडियो को लेकर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे कमल सिंह चौहान उन पर सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार हमला बोल रहे हैं, जिससे सियासी माहौल गरमाया हुआ है। वही विधायक जी जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं।

### बुदनीः विपक्ष कमजोर होने से आरोपों से बचे हुए हैं रमाकांत



बुदनी विस सीट पर राजनीतिक माहौल शांत है। बुदनी के विधायक रमाकांत भार्गव, जिन्होंने हाल ही में हुए उपचुनाव में 13 हजार वोटों से जीत हासिल की थी, फिलहाल विपक्ष के आरोपों से दूर हैं। हालांकि सत्ताधारी दल बीजेपी के लिए चिंता वाली बात यह है कि 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी से तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक लाख से ज्यादा मतों से चुनाव जीता था, जबकि उपचुनाव में बीजेपी महज 13 हजार वोटों से ही जीती है। फिलहाल कांग्रेस के आरोपों से विधायक श्री भार्गव को भी राहत है।

### सीहोरः साफ छवि और सहज स्वभाव के कारण लोकप्रिय



सीहोर विस क्षेत्र से विधायक सुदेश राय भी विपक्षी आरोपों से फिलहाल बचे हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में श्यामपुर में कॉलेज की घोषणा को पूरा कराया है और बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्री क्षेत्र में दो हजार करोड़ के निवेश का भूमिपूजन भी हाल ही में करवाया है। सीहोर विस में कांग्रेस का कोई बड़ा चेहरा अभी तक नहीं दिख रहा है। इसका फायदा सीधा विधायक को मिलता दिख रहा है। इस के अलावा लागातार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सक्रीयता बनी हुई है। विधायक जी लोगों के बीच सहजता से उपलब्ध रहते है।

### छवि धूमिल, संगठन की नाराजगी भी बेअसर

विधायकों के प्रति जनता का मुखर होने के साथ ही सोशल मीडिया पर अर्यादित बोलचाल की ऑडियो वायरल होने से भाजपा की छवि लगातार प्रभावित हो रही है। हालांकि बढ़ते मामलों को लेकर बीते दिनों ही जिले के एक विधायक को भाजपा संगठन ने भोपाल पार्टी मुख्यालय तलब किया गया था, समझाइश भी दी गई थी, बावजूद संगठन की यह समझाइश बेअसर ही साबित हो रही है।

## अब कॉलेजों में छात्रों से सिलेबस डिजाइन में लेना होगा फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अब कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दिव्यांग जनों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इनके साथ किसी तरह का भेदभाव न हो और वे भी आम विद्यार्थियों की तरह विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लें, इसके लिए वातावरण निर्मित किया जाएगा। इस संबंध में यूजीसी ने सभी शिक्षण संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसके तहत सिलेबस डिजाइन में फीडबैक भी लेना होगा। यूजीसी ने स्पष्ट कहा है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (2020) के अनुसार संस्थानों को प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम को आसान बनाने एवं सबको शामिल करने वाली शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करना होगा। यूजीसी ने संस्थानों को सभी भवन और बुनियादी ढांचे दिव्यांगों के लिए सुलभ और अनुकूल बनाने के लिए कहा है। इसके तहत प्रदेश में ऐसे विद्यार्थियों के लिए ब्रिज कोर्स विकसित किए जाएंगे, जो शैक्षिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आते हैं। सभी विद्यार्थियों को सामाजिक-भावनात्मक और शैक्षणिक सहायता से संबंधित परामर्श और मेंटरशिप कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

## कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे 50 हजार से अधिक श्रद्धालु, किया अभिषेक



**सीहोर।** सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम कांवड़ लेकर जाने शिवभक्तों का सिलसिला भोर होने के साथ ही शुरू हो जाता है। कांवड़ मेला एक माह आगामी 8 अगस्त तक चलेगा। इसी के साथ 6 अगस्त को शहर के सीवनघाट से सुबह नौ बजे भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें स्वयं कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगे। यह यात्रा सीवन नदी से करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर धाम पर पहुंचेगी, जहां पर भव्य आरती की जाएगी और बाबा को जल अर्पित किया जाएगा। पूरे सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाना अच्छा माना जाता है, लेकिन कावड़ए इस दिन का अलग ही इंतजार करते हैं। प्रदोष काल में लाखों की संख्या में कांवड लेकर श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पहुंचेंगे। इस बार कांवड यात्रा में कांवड़यिों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा करेंगे सारजन और रावण को टक्कर देगा मध्यप्रदेश का बाबा डीजे, दो दर्जन से अधिक डीजे और झांकियां रहेगी कांवड यात्रा में शामिल। वहीं रविवार को करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पर पहुंचे। धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर भोजन पंडाल बनाया गया है। जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसदी वितरण करने की व्यवस्था शुरू हो गई है।

## विधायक सुदेश राय ने सुनी वार्ड 21 के नागरिकों की परेशानी, ठेकेदार से की बात



**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के वार्ड क्रमांक 21 के नागरिकों ने विधायक सुदेश राय से मिलकर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर आ रही समस्याओं से अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि निर्माण कार्य में हो रही देरी और कंपनी की अनदेखी के कारण उन्हें आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक सुदेश राय ने नागरिकों की परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना और निर्माण कंपनी के ठेकेदार से तुरंत बात की। उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया और नागरिकों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा, विश्वनाथ सिंह, ओपी अग्निहोत्री, हरिओम शर्मा दाऊ सहित वार्ड के अनेक नागरिक मौजूद रहे।

### सीवन से कुबेरेश्वरधाम 11 किमी जा रहे श्रद्धालुओं को कराया नाश्ता

# कोई पूछ रहा था नाश्ते की, कोई पानी की... हर कोई शिवभक्तों की सेवा में समर्पित दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रावण मास की पावन बेला में सीहोर का वातावरण पूरी तरह भक्ति में डूबा नजर आया। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की आस्था की एक अनूठी झलक तब देखने को मिली, जब वे नंगे पैर सीवन नदी घाट से 11 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा कर कुबेरेश्वरधाम बाबा भोलेनाथ के दर्शन हेतु निकल पड़े। हर ओर बोल बम के जयघोष गूंज रहे थे, डीजे की धुन और ढोल-मंजीरों की थाप पर भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिव्य माहौल को और अधिक पावन बना दिया शहर के सेवाभावी



लोगों ने, जिन्होंने देश के कोने-कोने से आए कांवड़ियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्थानीय इंदौर-भोपाल रोड स्थित डी मार्ट के पास पंडित प्रदीप मिश्रा के सेवा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए गर्मागर्म पोहा और ताजे केले का नाश्ता तैयार किया गया। नाश्ता वितरण का यह पुण्य कार्य शाम तक चलता रहा। सेवा में लगे हर चेहरे पर एक संतोष भरी मुस्कान थी, मानो भगवान शिव को ही भोग अर्पित कर रहे हों। सेवाभाव से ओतप्रोत लोगों का कहना था, "यह हमारा सौभाग्य है कि हमें बाबा भोले के भक्तों की सेवा का अवसर मिला। यही सच्चा धर्म है। श्रद्धालुओं ने इस सेवा को सच्चे शिवत्व की अनुभूति बताया और मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सीहोर की सड़कों पर केवल यात्रियों के पांव नहीं थे, बल्कि आस्था, समर्पण और सेवा के पवित्र पदचिन्ह थे, जो लंबे समय तक लोगों के हृदय में अमिट रहेंगे।

## कलेक्टर के निर्देश पर वाटरफॉल जाने वाले रास्तों पर लगाई गई कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार बारिश के दौरान जिले के झरनों पर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन झरनों पर पर्यटकों को जाने से रोका जा रहा है। इसके लिए जिले के अमरगढ़ वाटरफॉल, दिगंबर वाटरफॉल एवं अन्य वॉटरफाल जाने वाले रास्तों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी वॉटरफॉल जाने वाले रास्तों पर पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं और नागरिकों एवं पर्यटकों को वॉटरफॉल पर जाने से रोक रहे हैं ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा इन स्थलों पर निरंतर भ्रमण भी किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने वॉटरफॉल पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के अमरगढ़ वॉटरफॉल, दिगंबर वॉटरफॉल तथा कालियादेव वॉटरफॉल पर 15 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक पर्यटकों तथा आम नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित किया है।

## खबर संक्षेप

### भैरूंदा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली

**भैरूंदा।** ग्राम रफीकगंज लोधड़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियां और अंकुरित पौधे दिए गए। सखियों ने इन पौधों को सुरक्षित स्थान पर रोपने और बड़ा करने की जिम्मेदारी ली। इस मौके पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, पूर्व मंडी अध्यक्ष लीला बाई और उप सरपंच हरिओम यादव मौजूद रहे। पारुल उपाध्याय ने कहा जैसे मां अपने बच्चों की देखभाल करती है, वैसे ही सखियों को इन पौधों की सुरक्षा करनी है। विकासखंड समन्वयक सीमा भार्गव ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। लीला बाई ने सखियों से पौधों को घर, खेत या खलिहान में सुरक्षित रोपने की अपील की। हरियाली यात्रा शंकर मंदिर से शुरू हुई, जो पूरे गांव में भ्रमण के बाद यात्रा मंदिर पर ही समाप्त हुई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष श्रीराम पटेल, मेंटर राकेश पंवार, अनीता वर्मा, रेखा भावरे मौजूद रहीं।

### उखड़ी सड़क गहरे गड्ढे होने से दिखने लगे सरिए

**सीहोर।** मंडी के रेलवे ओवर ब्रिज में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में सरिए भी निकल आए हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से निकलने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं अन्य जगहों पर गड्ढे होना शुरू हो चुके हैं। कई बार इसकी मरम्मत भी की गई, लेकिन हर बार सीमेंट और गिट्टी उखड़ जाती, जिससे फिर से गड्ढे दिखाई देने लगते हैं। वहीं वाहनों को निकलने में भी परेशानी होती है। करीब 700 मीटर लंबे ओवर ब्रिज से वाहनों का दिनभर दबाव बना रहता है। यहां से हर दिन करीब 5 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन आवागमन करते हैं। इसके चलते रात के समय में वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

### सह दस्तक अभियान 16 सितम्बर तक

**सीहोर।** डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' थीम पर आधारित स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने नगरीय निकायों में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी किए है। अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान में खुले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कचरे को फेंकने से रोकने, नालियों में रूके हुए पानी एवं गाद को साफ करने का काम प्राथमिकता से किया जाए। नगर की कम आय वर्ग और झुग्गी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया जाए। इसी के साथ नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण, परिवहन और उसका प्रसंस्करण नियमित किया जाए। अतिवृष्टि की स्थिति में भी उक्त सेवाओं का सुचारू संचालन किया जाएं। आयुक्त ने शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं रखरखाव किया जाए। निकाय क्षेत्र में झुग्गी बस्तियों, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में स्थित सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की जाएं।

### शुक्रवार की रात पड़ोसी के यहां पर बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे भाई-बहन

# शहर में दो मासूम भाई-बहन की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच पड़ताल की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में शुक्रवार सुबह थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ढांचा भवन में दो मासूमों की मौत के खबर ने सभी को चौका दिया। मृतक बच्चे सगे भाई-बहन थे। जानकारी अनुसार शुक्रवार रात पड़ोसी के यहां हुई बर्थडे पार्टी के बाद वे घर पर सो गए थे और सुबह उठ ही नहीं पाए। माँ पड़ोसी महिला के साथ दोनों बच्चों को निजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया। जिला चिकित्सालय में दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर मृत बच्चों की माँ ने बताया कि वह देवास से पहले पीथमपुर में कंपनी में कार्य कर रही थी। पति को दो वर्ष पूर्व छोड़ दिया है।

मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया।पुलिस की पूछताछ में मृतक बच्चे निशा (3) और हेमंत (7) की मां प्रिया यादव ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ देवास के ढांचा भवन में विक्की जगदाले के मकान में किराए पर रहती है। उसने पति विष्णु कटारा से प्रेम विवाह किया था, लेकिन विवाद के कारण पति से अलग हो गई। दो साल से उनसे कोई संपर्क नहीं है। नौकरी के लिए पहले पीथमपुर और फिर नौकरी देवास आ गई। पुलिस ने मामले में प्रिया से कड़ी पूछताछ की हैं। पड़ोस में रहने वाली रीना पति राकेश ने बताया कि शुक्रवार रात को उसके बच्चे शुभ का जन्मदिन प्रिया के घर पर दोनों मृत बच्चों के साथ मनाया था। रात को केक काटा और भोजन कर सो गए थे। शनिवार सुबह करीब 7 बजे प्रिया ने उन्हें सूचित किया कि बच्चे उठ नहीं रहे। बच्चों को तुरंत संस्कार हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर रीना की ननंद मनीषा ने बताया कि प्रिया के साथ लोकेंद्र नामक युवक रहता है उनके घर पर भाई के लडक़े शुभ का जन्मदिन मनाया था, लोकेंद्र वाहन चालक है। सुबह प्रिया हमारे घर पर आई उसने बताया कि उनके दोनों बच्चे उठ नहीं रहे हैं। मेरी भाभी रीना के साथ अस्पताल लेकर गए थे।औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि ढांचा भवन क्षेत्र में एक महिला पिछले डेढ़ माह से दो बच्चों के साथ किराए से रह रही थी।

रात को जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, उसमें शामिल होने के बाद शनिवार सुबह मृत अवस्था में मिले थे। दोनों






# नाली में मिला भ्रूण पुलिस जांच में जुटी



**भैरूंदा।** नगर की मामा कॉलोनी में रविवार दोपहर में उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों को नाली में 4-5 माह का अर्धविकसित मृत भ्रूण नाली में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत भैरुंदा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। नाली से भ्रूण निकला गया। वहीं मौके पर पंचनामा कार्रवाई की भ्रूण को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया।

नगर की मामा कॉलोनी में अज्ञात भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गयी। खबर मिलते ही आस-पास के लोग भी नाली में पड़े पांच माह के नवजात को देखने पहुंचे। यहां हर कोई कह रहा था - मर गई इसकी माँ की ममता। कैसे होते जा रहे लोगो उस को दुनिया में आने से पहले ही नहीं खत्म कर दिया। मामला भैरूंदा थाना क्षेत्र का है, जहां गंदी नाली में कीचड़ में लतपथ 5 माह का भ्रूण मिला। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु की लाश को नाली से बाहर कर अस्पताल भेजा है। फिलहाल पुलिस उसके माता पिता की तलाश में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि रविवार दोपहर नगर के मिलन मैरिज गार्डन के पास नाली में अज्ञात भ्रूण मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंच कर नाली से भ्रूण को निकाला गया। मौके पर पंचनामा कार्रवाई करने के पश्चात सिविल अस्पताल भिजवाया गया। आगे के कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# प्रदेश सरकार कर्मचारी संघ निर्वाचन संपन्न अर्जुन सिंह सोलंकी बने तहसील अध्यक्ष

**सीहोर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शाखा भैरुंदा की तहसील एवं ब्लॉक का निर्वाचन संपन्न हुए। अर्जुन सिंह सोलंकी तहसील अध्यक्ष एवं राकेश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष पुनः चुने गए। रविवार को नगर के पीएमश्री शासकीय विद्यालय में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शाखा भैरुंदा तहसील एवं ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सीहोर से कार्यकारी अध्यक्ष कुंदनलाल रॉय निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन पूर्व गोपाल ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष सीहोर म . प्र. राज्य कर्मचारी संघ जिला सीहोर द्वारा उपस्थित सदस्यों को संघ के बारे में बताया साथ ही सभी को राष्ट्रहित में कार्य करने को कहां। यदि आप सभी ईमानदारी से कार्य करेंगे तो शीघ्र ही भारत परम वैभव को प्राप्त करेगा और भारत विश्वगुरु बनेगा। निर्वाचन सभी की सहमति से संघ के अनुरूप ही निर्विरोध संपन्न हुआ।




**ब्लॉक कार्यकारिणी :** राकेश वर्मा, अध्यक्ष सूरज सिंह पंवार सचिव,आर. एस. जाटव कोषाध्यक्ष, धनपाल मांझी उपाध्यक्ष ,मनीष शर्मा उपाध्यक्ष, आनंद सिंह भाटी उपाध्यक्ष, दिनेश शर्मा उपाध्यक्ष, महेश राजपूत उपाध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव उपाध्यक्ष

**तहसील कार्यकारिणी :** अर्जुन सिंह सोलंकी, अध्यक्ष,अमर सिंह राजपूत सचिव दुर्गेश कहार कोषाध्यक्ष संतोष चौहान उपाध्यक्ष नंदकिशोर पटेल उपाध्यक्ष सूरज सिंह राजपूत उपाध्यक्ष जे.पी. ,सिसोदिया उपाध्यक्ष बैठक में संतोष सिंह सचिव जिला सीहोर, देवेंद्र आर्य कोषाध्यक्ष जिला सीहोर पी. डी. पंवार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं बलराम पंवार भैरूंदा उपस्थित रहे।

# गाय भारतीय संस्कृति की चिरकाल से प्रतीक रही है: मुनिश्री अक्षय सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर संत भवन में चातुर्मास का आयोजन हो रहा है। मुनिश्री अक्षय सागर महाराज, ऐलक उपशम सागर महाराज ससंघ चातुर्मास प्रवास पर है। रोज प्रातः श्री जी के अभिषेक, अखंड शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना मुनिश्री के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने प्रवचन के दौरान गोवंश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहां कि गाय भारतीय संस्कृति की चिरकाल से प्रतीक रहीं हैं। भारत के सभी धर्म संप्रदायों और नास्तिकों ने भी गाय तथा गोवंश की उपयोगिता को स्वीकार किया है। लौकिक और परलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति के लिए भारत में गाय को उपयोगी माना गया है।

पहले हर घर में गाय को धार्मिक आस्था और स्वास्थ्यवर्धक दूध सेवन से निरोगी काया के लिए महत्वपूर्ण माना जाता था। पवित्र और शुद्ध वातावरण के लिए गोमूत्र, गोबर से घर के फर्श की लिपाई पुताई की जाती थी। घरों में एक स्थान गाय का भी हुआ करता था। अब फोर व्हीलर ने वह जगह ले ली है।

घर में गाय होने से वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं मुनिश्री ने कहां कि वर्तमान परिस्थितियों में आज हर घर में फोर व्हीलर आ गई। भारतीय संस्कृति धार्मिक आस्था और परम्परा को भूल गए और पश्चिमी संस्कृति अपनाते हुए महंगे विदेशी कुत्तों को घरों में पालने का एक नया शोक का चलन सा हों गया हैं। उसने गाय का स्थान ले लिया। फोर व्हीलर के लिए गाय घर में रख नहीं सकते हैं। जिस घर में गाय होती है उस घर से वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं।

# कुंती ने भगवान कृष्ण से दुख और संकटों का वरदान मांगा: पंडित चेतन उपाध्याय

**सीहोर।** कुंती ने भगवान कृष्ण से दुख और संकट मांगने का वरदान मांगा था। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनका मानना था कि दुख के समय में ही भगवान की याद आती है और वह हमेशा भगवान के साथ रहना चाहती थीं। कुंती ने भगवान से कहाकि जब हमारे पास संकट था तो हम जब भी आपको याद करते थे तब आप तत्काल हमारे साथ रहते थे, लेकिन अब वैभव आते ही सत्ता आते ही आप जा रहे है। हम आपको छोड़ना नहीं चाहते है। कुंती ने कहा कि जब-जब उनके जीवन में दुख आया, भगवान कृष्ण हमेशा उनके साथ रहे, उनकी रक्षा की और मार्गदर्शन किया। इसलिए, वह चाहती थीं कि उनके जीवन में हमेशा दुख और संकट आते रहें ताकि वह भगवान कृष्ण के साथ जुड़ी रहें। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे।



रविवार को कथा के दूसरे दिन सुख-दुख के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहाकि हमें सुख में भगवान को याद करना चाहिए, दुख के समय तो हर व्यक्ति भगवान को याद करता है। मंदिर में हम जाते है तो भगवान से कहते है कि हमें करोड़ों रुपए दे, चार-पांच मकान आदि प्रदान कर, लेकिन कुंती ने सुख आने के बाद भगवान से उनकी निकटता के लिए संकट का वरदान मांगा। महाभारत के प्रसंग के अनुसार, महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने तय किया कि अब द्वारका लौटना चाहिए। श्रीकृष्ण सभी से विदा लेने लगे। अंत में वह पांडवों की माता, जो रिश्ते में श्रीकृष्ण की बुआ लगती थीं उनसे विदा लेने गए। तब उन्होंने कुंती से कहा कि आज तक अपने लिए मुझसे कुछ नहीं मांगा, मैं आपको कुछ देना चाहता हूं, इसलिए जो आपके मन में हो वह मांग लीजिए।

# अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी जारी रहेगा अभियान

**बुधनी।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत बुधनी अनुभाग के तीनों थानों में कुल मिला कर 56 मामले दर्ज किए गए जिनमें लगभग 187000 रुपये की शराब बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति अभियान जनजागरूकता अभियान के रूप में चलाया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, व्यापारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक और मीडिया कर्मियों के साथ नशे के विरुद्ध जन जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब के विक्रय पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही की गई जिसमें होटल ढाबों पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें बुधनी थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी नेतृत्व में कुल 26 अपराध दर्ज किए गए जिसमें 162.46लीटर शराब बरामद की गई जिसकी कीमत 58180 रुपए आंकी गई थाना रेहटी में थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में कुल 13 अपराध पंजीबद्ध किए गए जिसमें 85.97लीटर शराब जब्त की गई जिसकी कीमत 32890 रुपए बताई जा रही है इसी तरह थाना शाहगंज में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में 17 मामले दर्ज किए गए इसमें 182.38लीटर शराब जब्त की जिसकी कीमत96,030 रुपए आंकी गई है। इस मामले में एसडीओपी रवि शर्मा ने कहा कि अवैध शराब बिक्री और भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### ठेकेदारों ने मनमर्जी से बना दी सड़कें, कुछ महिनों में ही खुलने लगी पोल

# प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कें 6 महीने में ही टूटीं, दरारें और बड़े गड्ढों से हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्रामीणों, मरीजों और स्कूली बच्चों को मुख्यालय तक पहुंचने में परेशानी न हो, इसके लिए ग्रामीणों ने लंबे समय तक शासन से सड़क की मांग की थी। इसके बाद पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर सड़कों का निर्माण हुआ, लेकिन निर्माण के दौरान विभागीय निगरानी नहीं हुई।

ठेकेदारों ने मनमर्जी से सड़कें बना दीं। कुछ ही महीनों में घटिया निर्माण की पोल खुल गई। भैरूंदा क्षेत्र के आदिवासी गांव लाड़कुई से अमीरगंज, भैरूंदा से वासुदेव जोड़, भैरूंदा से पाचौर, इटावा से वासुदेव होते हुए श्यामपुर, श्यामपुर से छिदगांव मौजी, बड़नगर से इटावाकलां तक की सड़कों की हालत खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। लाड़कुई से अमीरगंज तक की सड़क अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। इससे राहगीरों में नाराजगी है। करीब एक महीने पहले सीहोर से अधिकारी मौके पर आए थे। उन्होंने मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ।



**फोन पर टालमटोल करते हैं अधिकारी:** लाड़कुई के निवासी हनीफ खां, गफूर खां, सोनू, रमेश बारेला, जयदीप आदि ने बताया कि सड़क की स्थिति बताने के लिए जब वे प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों से संपर्क करते हैं, तो वे आज-कल कहकर टालमटोल करते रहते हैं। भैरूंदा और वासुदेव जोड़ तक बनाई गई 17 किमी लंबी सीसी सड़क निर्माण के दौरान ही क्षतिग्रस्त होने लगी थी। निर्माण एजेंसी ने दरारें पड़ने पर डामर का लेप भी लगाया, ताकि घटिया निर्माण उजागर न हो, लेकिन डामर भी फट चुका है। अब इन दरारों में दोपहिया वाहनों के टायर फंसने पर दुर्घटनाएं हो रही हैं।

कई जगह तो सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। किसानों को अपनी फसलें मंडी तक ले जाने में दिक्कत हो रही है और छात्रों को स्कूल पहुंचने में भी समस्या आ रही है।

ग्रामीणों ने दी चेतावनी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह सड़क उनके दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी अनदेखी से उनकी जान खतरे में पड़ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करने और सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य सम्मान समारोह संपन्न

**सीहोर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीहोर में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि राजगढ़ विभाग के विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, समिति अध्यक्ष कुलभूषण बग्गा, सचिव अनिल पालीवाल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन का सच्चा मार्गदर्शक होता है, जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। समिति की उपाध्यक्ष शोभा चांडक ने महर्षि वेदव्यास के जीवन, उनके ज्ञान और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य परिवार को सम्मानित किया गया और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान जगन्नाथ सुहागपुरे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया सभी भैया-बहनों को फल वितरित किए गए। समापन सहभोज के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार, समिति के पदाधिकारी व सभी सदस्य सम्मिलित हुए।



### 4 महिला और 4 युवक गिरफ्तार, परंतु पुलिस ने बाद में बताए अलग

# ब्यावरा के स्टेशन रोड पर श्याम गेस्ट हाउस पर पुलिस की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री श्याम गेस्ट हाउस में शुक्रवार दोपहर उस वक्त हलचल मच गई, जब पुलिस को मोबाइल पर सूचना मिली कि कुछ युवक-युवतियां और महिलाएं-पुरुष वहां संदिग्ध गतिविधियों के लिए एकत्रित हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी,तो होटल के नीचे गुटखा-पाउच की दुकान पर होटल संचालक हेमराज यादव मिला, जो कि रजिस्टर और पहचान पत्र के नाम पर दोनो हाथ खड़े कर बैठ गया। लॉज के अंदर 4 महिलाएं और 4 पुरुष मिले, जिन्होंने एक सुर में किराया चुकाने की बात तो स्वीकारी,पर अवैध गतिविधियों से पल्ला झाड़ते नजर आए। वही होटल में ना कोई आईडी, ना एंट्री रजिस्टर,फिर भी सबकुछ झोल मोल सा मिला। इधर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(2) और न्याय संहिता की धारा 223(ए) के तहत होटल संचालक पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, टीआई राहुल रघुवंशी की बातों में विरोधाभास भी उभर कर सामने आया। क्योंकि सूत्रों के मुताबित पता चला था कि 4 महिलाओ में से एक महिला न बालिक भी है ओर यह बात उन्होंने मीडिया के कैमरे के सामने कहा था कि हमारे द्वारा बर्थ सर्टिफिकेट मंगवाए गए हैं, मगर प्रेस नोट में वो बात ही गायब मिली । वही उनके द्वारा मीडिया के कैमरे के सामने बोला गया था कि 4 महिला ओर 4 पुरुष मिले है लेकिन पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में एक पुरुष गायब नजर आया क्योंकि पुलिस के द्वारा भेजे गए प्रेस नोट में में सिर्फ 4 महिला एवं 3 पुरुष ही लिखा गया है।




**पुलिस करती रही आरोपियों को छुपाने की कोशिश**

रेड के बाद से ही पकडे गए युवक युवती को लेकर भ्रम का माहौल बना रहा ,मीडिया कर्मियों के द्धारा जो देखा गया की इसमे नाबालिग लडकी होने का अंदेशा भी था जब देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी से इस बारे मे मीडिया द्धारा पूछा गया तो वह हमेशा 2 घंटे का समय मांगते नजर आए। और अंततः उन्होने एक युवक को कम कर ही दिया यदि ऐसा नही है तो फिर चैथा युवक कौन था।

## सुठालिया सिंचाई परियोजना विस्थापितों के पुनर्वास स्थलों का मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शनिवार को सुठालिया सिंचाई परियोजना के अंतर्गत विस्थापित होने वाले ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार और जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने आज ग्राम गुर्जरखेड़ी, सीलखेड़ा पहाड़ी,लासुलडिया मीणा, राजपूत खेड़ा एवं सेमलापार के प्रभावित परिवारों के लिए चिन्हित किए गए पुनर्वास स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने पुनर्वास स्थल पर उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनर्वास की प्रक्रिया समयबद्ध, सुनियोजित और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ पूरी की जाए, ताकि किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि पुनर्वास स्थल केवल आवासीय सुविधा नहीं बल्कि लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का माध्यम होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कांकरिया गुर्जर गांव के निवासियों की जो जमीन डूब प्रभावित हो रही है उनके लिए भी शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीणों से संवाद करते हुए मंत्री पंवार ने आश्वस्त किया कि सरकार उनकी चिंता और अधिकारों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और पुनर्वास प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं, विस्थापित परिवारों के लिए सरकार का यह प्रयास उनकी सामाजिक सुरक्षा और भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, मोहन पंवार,मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी, डब्ल्यू आर डी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने साइकिल से पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों की सुनी समस्याएं

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह शनिवार को अशोकनगर से तहसील नईसराय के ग्राम शाजापुर तिगरी,अखाईघाट, पौरूखेडी में पहुंचे। ग्रामों में पहुंचकर उन्होंने अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावितों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने बाढ बाढ प्रभावितों से आश्वस्त किया कि बाढ से हुए नुकसान की हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी। राजस्व एवं कृषि सर्वे दल द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा राशि का वितरण बाढ प्रभावितों को किया जाएगा।

## भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर प्रथम बार नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

### बरसते पानी मे किया फौजी का सम्मान, लगाए देश भक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सेनाओं में तैनात जवानों के प्रति सम्मान, आदर की भावना समाज के हर व्यक्ति के मन में है। जैसे ही किसी फौजी के आने की खबर गांव या शहर में पहुंचती है तो हर कोई उनका उत्साह वर्धन करने पहुंच जाता है। ब्यावरा विकासखंड के गांव चाटा में जन्मे सेना के जवान इंदरसिंह सोंधिया शनिवार को जब 22 साल देश की सेवा कर भारतीय सेना से रिटायर होकर अपने घर ब्यावरा (चाटा ) लौटे तो उनके स्वागत में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके सम्मान में शहर में धूमधाम से रैली निकाली गई। रैली यात्रा भोपाल बायपास से प्रारंभ हुई जो मुल्तानपुरा, इंदौर नाका, पीपल चैराहा होते हुए गांव चाटा पंहुची। रैली मे शहर सहित आसपास के गाँव से बड़ी संख्या मे युवा शामिल हुए, जिन्होंने फौजी भाई इंदर सिंह सोंधिया का पुष्पवर्षा, हार माला पहनाकर, आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया। गांव चाटा निवासी किसान रोड़जी सोंधिया के पुत्र इंदरसिंह सोंधिया




भारतीय सेना ( ाब्) सेना आयुध कोर सिंकदराबाद मे पदस्थ थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव से ही की थी। 11जुलाई 2003 को सेना में भर्ती हुए थे। भारतीय सेना मे पदस्थ रहकर देश की विभिन्न सीमाओं पर अपनी सेवा दी। 22 साल देश की रक्षा कर सेवानिवृत्ति हो आने पर इष्ट मीत्रो ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया। देश भक्ति गीत के साथ जगह-जगह देशभक्ति नारे लगाए, बरसते पानी मे युवाओं ने शहर मे जगह-जगह स्वागत सम्मान किया। इस दौरान परिवारजन, रिश्तेदार, शिक्षक मित्र, जनप्रतिनिधि आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बाबा बैजनाथ धाम कांवड़ यात्रा समिति द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा

**जीरापुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 17 वी बाबा बैजनाथ धाम कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जो नगर के रामलीला चैक त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर चोपड़ा बाजार भावसार मोहल्ला गांधी बस्ती बस स्टैंड इंदर चैराहा माचलपुर नाका होते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई कावड़ यात्रा में महिला एवं पुरुष कावड़ लेते हुए बम भोले जयकारों के साथ चल रहे थे ।यह धार्मिक यात्रा हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। कावड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों ने मां नर्मदा का जल लाकर पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ के दरबार में जलाभिषेक करेगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर भक्तों के लिए विश्राम, जलपान व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यह यात्रा आस्था, समर्पण और शिव भक्ति का अद्भुत उदाहरण रही। स्थानीय प्रशासन व सामाजिक संगठनों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।

## श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान करेगा मटकी फोड़ प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांधी पार्क पर लगातार 9 वर्षों से किया जा रहा है। इस बार भी यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

गांधी पार्क पर मनमोहक दृश्य बना रहता है इस वर्ष भी श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांधी पार्क पर करेगा और उसकी ऊंचाई 18 फुट तय की गई है जिसमें 11 सदस्यों की टोली लगेगी और सुरक्षा के दृष्टिकोण से नीचे बोरो में भूसा भरकर रखा जाएगा जिस किसी को चोट न लग सके। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के संस्थापक राहुल शर्मा संरक्षक एड. करण शर्मा, सुमत कुमार राय, संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक चैबे, छोटू शर्मा बड़ागांव, सुमित चैबे ,अभिषेक यादव गौरव नायक, प्रदीप शर्मा ,पुनीत शर्मा ,देवेंद्र यादव,करण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष मे कुल राशि रूपये 6 हजार की राशि तीन समान किश्तो मे प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को बाराणसी उत्तरप्रदेश से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के 1 लाख 37 हजार 455 हितग्राहियों को कुल 27.49 करोड की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, संजीव भरिल्ल, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान, वरिष्ठ वैज्ञानिक बी.एस.गुप्ता सहित जनप्रतिनिधिगण एवं कृषकगण उपस्थित थे।



## शुजालपुर मंडी में अतिक्रमण हटाने पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

नगर पालिका द्वारा मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। बिना पूर्व सूचना के पहुंची नगर पालिका की टीम ने व्यापारियों के टीन शेड तोड़ डाले, जिससे व्यापारी भड़क उठे और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का मौका, सीधे कार्रवाई कर दी गई। प्रदर्शन के चलते एक से दो घंटे तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही।

स्थिति को संभालने मौके पर एसडीएम अर्चना कुमारी, तहसीलदार राकेश खजूरिया, मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव, सिटी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाकर मामला शांत कराया और यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया।

## टीएवी के विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय वूशु और कबड्डी में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र लक्ष्य सुमन, ध्रुव ताम्रकार, कृष्णा सोनी, एवं छात्रा अदिति सोनी का वूशु प्रतियोगिता के लिए तथा कुलजीत कौर का कबड्डी में संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। बता दें कि इन खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं अपने नगर के विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

हमेशा खेलों में आगे रहने वाले टीएवी स्कूल की एक बड़ी उपलब्धि है। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, स्कूल सीईओ पुनीत जैन, प्राचार्य स्नेहा डावर, जिला खेल अधिकारी ओपी शर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा,जिला वूशु कोच बृजेश सर, ब्लॉक कीड़ा अधिकारी मनोज राठौर, शिक्षक सागर सुमन सहित स्टाफ बच्चों एवं नगरवासियों ने उपलब्धि पर बधाई दी है।

### नगर पालिका का अमला न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

## सरकारी जमीन पर एक बार फिर से महकमा अतिक्रमण हटाने के लिए दल बल लेकर उतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्र 20 में नई आवादी क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर नगरपालिका का अमला शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा। यह मामला पिछले 10 साल से चल रहा था।

नगरपालिका की ओर से अभिभाषक रामेश्वर भारद्वाज ने बताया कि नई आवादी क्षेत्र निवासी रामप्रकाश गुप्ता और राजीव जाट के विरूद्ध खुली भूमि पर 6-7 पिलर के साथ दीवाल बनाने का सिविल सूट न्यायालय में पेश किया गया था। जिसमें न्यायालय द्वारा अतिक्रमण मानते हुए इस पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। जिसकी अपील जिला न्यायालय में की गई थी उसके बाद उच्च न्यायालय द्वारा इसे खारिज कर दिया गया था। जिसके बाद राजीव जाट द्वारा इजरा व्यवहार न्यायाधीश के यहां पेश किया गया था। जिसके बाद उन्होंने इसे अतिक्रमण मानते हुए हटाने का आदेश दिया था और कहा था कि इसको हटाने में जो भी खर्चा आए वह रामप्रकाश गुप्ता से वसूला जाए। इसीलिए यह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। जहां से अतिक्रमण हटाया गया वह भूमि आमजनों के उपयोग में आ सकेगी।




खबर संक्षेप

## नगर में आज निकलेगी पालकी यात्रा

**श्यामपुर।** सोमवार को ग्राम श्यामपुर में श्री महाकाल पालकी औरकलश यात्रा निकाली जाएगी। जो शिव मंदिर बस स्टैंड श्यामपुर से दोपहर 2 बजे प्रारंभ की जाएगी। श्यामपुर ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए पशु बाजार स्थित श्री भोले राव मंदिर पर महा अभिषेक के पश्चात शिव मंदिर बस स्टैंड पर महाप्रसादी के बाद समापन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में सभी धर्म प्रेमी बंधु और समस्त भक्तजन सपरिवार अपने इष्ट मित्र सहित शामिल होने की अपील की है। इस पालकी यात्रा में अधिक से अधिक भक्तजन सम्मिलित होकर सफल बनाएं।

## 21 हजार रूद्री निर्माण के साथ किया रुद्राभिषेक

**सीहोर।** शहर के चाणक्यपुरी में श्री अयोध्यानाम मंदिर में रविवार को सावन माह के पवित्र अवसर पर रविवार को जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित के मार्गदर्शन में 21 हजार से अधिक रुद्री निर्माण का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे। सुबह रुद्री निर्माण हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने रामायण की प्रचलित चौपाइयों और भगवान शिव के मंत्रों एक साथ उच्चारण किया। पूजन अभिषेक जगद गुरु पंडित पुरोहित ने कहाकि रूद्र अभिषेक यह सर्वोच्च देवता भगवान शिव को समर्पित धार्मिक अनुष्ठान है, जो शक्तिशाली मंत्रो की उच्चारण द्वारा किया जाता है।

### नाथद्वारा से भोपाल जा रही चार्टर्ड ने खड़ी बस में मारी टक्कर

# ग्रामीण और राहगीर बने देवदूतः घायलों को निकाला बाहर, उपचार के लिए किया रवाना

हादसे में लगभग दो दर्जन यात्री घायल हो गए, एक की हालत गंभीर।







हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

रविवार सुबह भोपाल.इंदौर हाईवे पर उस समय हडक़ंप मच गया, जब आष्टा क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार चार्टर्ड बस पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में लगभग दो दर्जन यात्री घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। शुरुआती जांच में हादसे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। घटना सुबह करीब 10.15 बजे अरनिया गाजी जोड़ के पास हुई। इंदौर से भोपाल जा रही चौहान ट्रेवल्स की एक बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान नाथद्वारा से भोपाल की ओर आ रही एक तेज रफ्तार चार्टर्ड बस ने पीछे से खड़ी बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गई।

### घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया

हादसे के बाद मौके पर चीख.पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर और एएसपी सुनीता रावत सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत एंबुलेंस और निजी वाहनों से आष्टा के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। घायलों में एक व्यक्ति को पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को हल्की चोटें आई हैं।

### स्थानीय लोग बने देवदूत

हादसे के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल था, लेकिन इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकालने में मदद की और कई लोग तो अपने निजी वाहनों से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने लगे। हादसे के बाद समय रहते लोगों ने घायलों की मदद की। अन्यथा स्थिति और ज्यादा भी बिगड सकती थी।

### हाईवे पर लगा लंबा जाम

बस पलटने के कारण भोपाल.इंदौर हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटाकर लगभग एक घंटे बाद यातायात सामान्य करवाया। घटना के बाद पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# दिव्यांग कल्याण व विकास परिषद की बैठक आयोजित

### दिव्यांगों की समस्याओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

रविवार को रेस्ट हाउस परिसर में दिव्यंगों ने एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में अहमदपुर के आसपास के गांव के दिव्यांग बड़ी संख्या में बैठक में शामिल हुए। बैठक में दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुखविंदर दांगी ने शासन की योजनाओं से अवगत कराया। अध्यक्ष सुखविंदर सिंह दांगी ने बताया कि दिव्यांगों को 600 पेंशन मिलती है। दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाई जाए। पेंशन बढ़ाने को लेकर कहा है कि 600 में गुजारा नहीं होता है। दिव्यांगों की सरकार 5000 पेंशन करें, जिला अध्यक्ष सुखविंदर सिंह दांगी ने कहां है कि, पेंशन बढ़ाने को लेकर सीएम मोहन यादव को भी दिव्यांग जनों ने ज्ञापन सौंपा है। अहमदपुर में दिव्यांग जनों की बैठक में ग्राम पंचायत अहमदपुर सरपंच आशीष कुमार अहमदपुर ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र पाठक ने बैठक में शामिल होकर कहां की सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है, ग्राम पंचायत अहमदपुर की ओर से दिव्यांगों के लिए शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिव्यंगों को पहुंचाया जाएगा। दिव्यांग जनों की हर संभव मदद ग्राम पंचायत की ओर से की जाएगी। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत शाखा सीहोर के सदस्य सीएम डॉ मोहन यादव से मिले इस दौरान उन्होंने पेंशन बढ़ाने समेत कई मांगों का ज्ञापन सीएम मोहन यादव को सौंपा सीएम ने दिव्यांग संगठन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि आपकी मांग जल्द पूरा करेंगे। यह है कि हम दिव्यांगजनों को वर्तमान में दी जा रही पेंशन 600/- रुपये से बढ़ाकर 5000/- रुपये किया जाए जिससे हम दिव्यांगजनों का जीवन ठीक से चल सकें। यह मांग लम्बे समय से चल रही है अतः उक्त मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखका कार्यवाही करवाने की कृपा करें। जिले में कितने दिव्यांग है उनका वर्गवार सर्वे कराकर उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उनको जॉब रोजगार प्रदान किया जाए।

## गैर राजनीतिक संगठन का हुआ गठन, पंकज पटेल भेरूपुर बने अध्यक्ष



**आष्टा।** सरकार ग्रुप ने एक सर्व समाज सेविक गैर राजनीतिक संगठन का गठन किया। इस में पंकज पटेल भैरूपुर को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया एवं संस्थापक जितेंद्र पटेल गवाखेड़ा ओर भी पद अधिकारी मनोनीत किए गए! इस दौरान सचिव धीरज सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष बाबा साहब रविंद्र सिंह ठाकुर संरक्षक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष कृष्णपाल ठाकुर उपाध्यक्ष रविंद्र लसूलिया उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर दारखेड़ा राहुल कुंवर महामंत्री सुरेन्द्र गोपालपुर सह सचिव राजकुमार नौगांव संयोजक सचिव संयोजक संरक्षक सवाई सिंह खजुरिया इंदर सिंह बंदरिया देविन सिंह बड़लिया जितेंद्र सिंह विस्तार ब्लाक अध्यक्ष यशवन्त सिंह शेषपाल सिंह को बनाया गया।इस दौरान बैठक में दीपक बापचा वीरेन पटाड़ा अकेसिंह ठाकुर चेतन ठाकुर हरेंद्र ठाकुर अर्जुन सिंह ठाकुर सैकड़ों में सदस्य उपस्थित रहे।

# सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर स्थित मानस भवन में चल रही विदुषी अंजली आर्य की प्रेरणामयी प्रवचनमाला में रविवार को सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों ने सादर उपस्थिति दर्ज कराते हुए कथा श्रवण किया और दीदी का गरिमामयी स्वागत किया। दीदी अंजली आर्य ने इस अवसर पर अपने प्रवचन में कहाः₹जब समाज के सभी वर्ग, सभी जातियाँ और सभी संगठन एक साथ खड़े होते हैं, तभी 'हिंदू समाज' की वास्तविक शक्ति प्रकट होती है। हमें बाहरी ताकतों से नहीं, अपितु अपने भीतर की विषमता, मतभेद और विघटन से सबसे अधिक सतर्क रहना चाहिए। धर्म का कार्य केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए।₹आष्टा नगर के श्री राम मानस भवन में संगीतमय वैदिक सत्संग के आयोजन में पधारे 132 वर्ष 11 महीने की आयु के संत श्री सर्वानंद जी महाराज साहब का आशीर्वाद एवं संगीतमय वैदिक सत्संग सुश्री अंजलि जी आर्या दीदी के मुखारविंद से संगीतमय वैदिक सत्संग द्वारा ज्ञान की गंगा का रसपान कराया गया पुरुष वर्ग एवं मातृशक्तियों ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगीतमय वैदिक सत्संग का धर्म लाभ लिया इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण ने भगवामय हिंदुत्व वातावरण मे सुश्री अंजलि जी आर्या दीदी का सकल हिंदू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सकल हिंदू समाज कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण नारायण भूरू मुकाती, राजीव गुप्ता पत्रकार, मनीष डोंगरे, जगदीश खत्री, विजय खंडेलवाल, महेश जाट, राधेश्याम सोनी, प्रेम नारायण जायसवाल, कुबेर सिंह जी ठाकुर छपर, अचल किरार, रमेश मालवीय, सुधीर ताम्रकार गोपाल पांचाल, मुकेश नामदेव आदि ने भगवामय वस्त्र के साल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

# गिरनार तीर्थ की भाव यात्रा का महिलाओं ने किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर, गंज में चातुर्मास हेतु साध्वीमण्डल मंदिर के उपाश्रय में विराजमान है और प्रतिदिन प्रातः 9 से 10.15 तक उनके प्रवचन एवं सत्संग का लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है उनके द्वारा करवाये जा रहे धार्मिक आयोजन धर्मानुरागियों के लिये मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। साध्वीमंडल में ढंक तीर्थोद्धारिका प.पू. साध्वी. श्री चारूव्रताश्रीजी म.सा. की शिष्या प.पू. साध्वी श्री नम्रव्रता श्री जी म.सा., मग्नव्रता श्रीजी म.सा. और मीतव्रता श्री जी म.सा. शामिल हैं। रविवार को प.पू. साध्वीवर्या की पावन निश्रा में गिरनार तीर्थ की भाव यात्रा का विशेष आयोजन रखा गया था। इस यात्रा के लाभार्थी परिवार सुन्दरलाल, प्रकाशचंद, प्रदीप कुमार वोहरा परिवार के सिकंदर बाजार स्थित निवास से यात्रा प्रारंभ होकर गल चौराहा, मानस भवन, सुभाष चौक होते हुये गंज स्थित श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर पहुंची जहां के उपाश्रय में साध्वीवर्या नें अपने प्रवचन में कहा कि ''तीर्थ जीवन को तारने वाला होता है, तीर्थ केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं बल्कि एक ऐसा स्थान होता है जहां आत्मा को शांति, जागरण और सत्य की अनुभूति हो और हमारा गिरनार तीर्थ एक ऐसा ही अद्भुत स्थान है। जहां प्रभु नेमिनाथ की लगभग चौरासी हजार वर्ष पुरानी प्रतिमा विराजित है जो किसी भी जैन तीर्थंकर की इस पृथ्वी पर सबसे पुरानी प्रतिमा है। इसके बाद शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा का नंबर आता है। साध्वीवर्या नें गिरनार तीर्थ के प्रत्येक स्थान का रेखाचित्र अपने शब्दो के माध्यम से इस प्रकार बनाया कि उपस्थित प्रत्येक जन को गिरनार तीर्थ में ही उपस्थित होकर प्रभु नेमिनाथ की वंदना करने की अनुभूति होने लगी। बीच-बीच में अमन गांग, श्रीमती स्मिता वोहरा व इनकी संगीत टीम अपने सुमधुर भजनो के माध्यम से इस अनुभूति को ओर अधिक गहरा करते गये। प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि जैन धर्म भाव प्रधान है और भाव की कर्म में परिणित होतें है इसलिये हमारे संतजनो द्वारा इस प्रकार की तीर्थ भावयात्रा का आयोजन किया जाता है ताकि अपने स्थान पर रहते हुये भी धर्मप्रेमी जन उस तीर्थ की छवि को मन में रखकर अपनी कल्पनाशक्ति के माध्यम से अपने मन को वहां ले जाकर दर्शन-वंदन कर सकें क्योंकि तीर्थ यात्रा के माध्यम से आत्मा का कल्याण और कर्मो की निर्जरा होती है। इसके पश्चात प्रभु नेमिनाथ एवं राजुल देवी के विवाह की घटना एवं प्रभु नेमिनाथ के हृदय परिवर्तन एवं दीक्षा ग्रहण करने की घटना को एक सुन्दर संगीत नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। यह नाटिका साध्वीवर्या के निर्देशन में बालिका मण्डल द्वारा तैयार की गई थी जिसका संचालन श्रीमती मोना कुलदीप कोचर द्वारा किया गया। अंत में चातुर्मास समिति द्वारा लाभार्थियों बहुमान किया गया एवं आयोजन का समापन हुआ। आयोजन में वरिष्ठ सुश्रावक सुंदरलाल वोहरा सहित पदाधिकारियों में नगीन वोहरा एडवोकेट, पवन सुराणा, प्रदीप धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा, पवन श्रीश्रीमाल, भावना वोहरा एवं समाजजनो की उपस्थिति रही।

# धर्म ग्रंथ हमारे जीवन का आधारः अंजली आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आर्य समाज और वेद प्रचार मण्डल के तत्त्वावधान में नगर में संगीतमय वैदिक सत्संग चल रहा है। आज आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ ने सत्संग में प्रखर वैदिक प्रवचन कार सुश्री अंजलि आर्य को विश्व विख्यात जैनाचार्य विद्यासागर महाराज द्वारा रचित महाकाव्य मूक माटी की प्रति और कलम भेंट कर उनका सम्मान किया । इस अवसर पर विदुषी प्रवचनकार ने कहा कि धर्म ग्रन्थों और सदसाहित्य का अध्ययन से हमारे जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन के साथ ही अनेक शंकाओं का समाधान होता है । धर्मग्रन्थों और अच्छी पुस्तकें को पढ़ने से आत्म सुधार होकर जिज्ञासाएं भी बढ़ती हैं। वैदिक सत्संग मे विदुषी प्रवचनकार अंजलि आर्य सनातन संस्कृति में एकता और धर्म के वैज्ञानिक स्वरूप को उद्घाटित कर रही हैं। सत्संग में यज्ञ और प्रवचन से हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हुए है ।प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने संघ के संरक्षक ओम प्रकाश सोनी जियाजी, महासचिव प्रदीप जैन प्रगति, वैदिक सत्संग के समन्वयक मनोज सोनी काका, वरिष्ठ समाज सेवी हेमंत सोनी, कोक सिंह पटवारी, संजय जैन शिक्षक आदि के साथपूज्य अंजलि आर्य जी को शोध प्रबंध के लिए हजारों शोधार्थियों का प्रिय विषय रहे आचार्य विद्यासागर महाराज द्वारा लिखित महाकाव्य मूकमाटी भेंट करते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में करुणा, अहिंसा और विभिन्न पंथों में परस्पर एकता हमारे धर्मग्रन्थों से ही प्रकट हो जाती है । स्वाध्यायियो को ग्रन्थ भेंट करने और विद्यार्थियों को वैदिक साहित्य उपलब्ध कराने की आर्य समाज मे अनुकरणीय परम्परा है । विदुषी प्रवचनकार अंजलि आर्य ने हमे स्वाध्याय और यज्ञ के लिए प्रेरित किया है। उनके प्रवचनों से हमे धर्म के मूल स्वरूप को समझने में आसानी हुई है। हम सभी को एक साधक की तरह अपने अपने धर्म मार्ग पर चलते हुए सनातन समाज मे परस्पर एकता को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिये। पूज्य अंजलि आर्य ने प्रभु प्रेमी संघ के सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

### पूरे सैनिक सम्मान के साथ सेना के जवान पिंटू का किया अंतिम संस्कार

# हजारों की संख्या में नागरिक अंतिम यात्रा में हुए शामिल







हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर में पूरे सैनिक सम्मान के साथ सैनिक का अंतिम संस्कार कर सलामी दी। जवान की शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जानकारी के अनुसार नगर का पिंटू पिता विक्रम सिंह का 3 वर्ष पहले राजपूत रेजीमेंट में चयन हुआ था। अभी कुछ दिन पहले पिंटू छुट्टी पर घर आया था। लेकिन शनिवार की सुबह चाय नाश्ते के बाद नर्सरी से पौधे लाया था। जिसे लगाने के लिए खेत की मेड की तरफ गया था। लेकिन काफी देर तक वह वापस नहीं आया तो घर परिवार वालों ने आस पड़ोस वालो से बोला कि पिंटू पौधे लगाने गया था। काफी देर हो गई, आया नहीं। इधर-उधर तलाश किया नहीं मिला। बाद में नेवज नदी में उसकी लाश मिली अब उसकी मौत कैसे हुई साइलेंट अटैक से हुई या जहरीले जानवर ने काटा या कुछ और वजह है। यह तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। मृतक पिंटू की डेड बॉडी को पीएम के लिए आष्टा ले जाया गया था। पीएम के बाद डेड बॉडी के साथ भोपाल बैरागढ़ से भी सेना के जवान बाद में जावर जोड़ सेना के वहान में मृतक की डेड बॉडी को लाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में नगर व आसपास गांव के लोग शामिल हुए शव यात्रा में शामिल युवा पिंटू अमर रहे नारे लग रहे थे। सैनिक के अंतिम संस्कार कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शमशान घाट पर पहुंचे थे। सैनिक का बाद में पूरे सैनिक सम्मान के साथ शमशान घाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन के अलावा सेना के लोग व जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सैनिक के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में आष्टा से यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा, सिद्धि गंज थाना प्रभारी राजू सिंह के साथ जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल भी पुलिस बल के साथ उपस्थित थी।

# केन्द्रीय विद्यालय ने सेंटमेरी को 4-0 से हराया

### चर्च मैदान पर चल रही इंटर स्कूल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल प्रतियोगिता के तत्वाधान में रविवार से आरंभ हुई इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच केन्द्रीय विद्यालय ने सेंटमेरी को 4-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच आवासीय-आईईएस के मध्य 1-1 से बराबरी पर रहा।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहला मैच केन्द्रीय विद्यालय ने सेंटमेरी को 4-0 से हराया। इस मैच में केन्द्रीय विद्यालय के आदित्य ने 3 गोल किए थे। इसके अलावा एक गोल विनायक ने किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को संटऐनी, लुर्द माता, शारदा स्कूल और नूतन स्कूल के मध्य मैच खेले जाऐंगे। रविवार को आरंभ मैच में एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आनंद उपाध्याय मनोज जोशी दीपक बाथम, मनोज अहिरवार दीपक गुरबाणी विपिन पवार विजेंद्र परमार अत्ताउल्लाह खान आदि ने किया।